Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 12-05-2005

Participants : Sharma Shri Madan Lal

an>

Title: Need to grant citizenship to refugees of 1947 settled in Jammu and Kashmir. – Laid.

श्री मदन लाल शर्मा (जम्मू) : महोदय, 1947 के जो रिफ्यूजी जम्मू एवं कश्मीर में रह रहे हैं, उनकी हालत काफी दयनीय है। उन्हें आज तक भारत की नागरिकता का हक प्रदान नहीं किया गया। वे न तो अपनी जमीन खरीद सकते हैं, न वे व्यवसाय कर सकते हैं और न ही वे नौकरी कर सकते हैं। उन्हें अपने बुनियादी हक वोटिंग का भी अधिकार प्राप्त नहीं है। समय समय पर सरकार द्वारा इन्हें आश्वासन मिले हैं, परन्तु वे आश्वासन आज तक हकीकत में नहीं बदल पाए हैं। आज इन सभी के भूखों करने की नौबत आ चुकी है। देश के दूसरे हिस्सों में जो रिफ्यूजी रह रहे हैं, उन्हें सारे हक प्राप्त हो चुके हैं।

मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने अपने जम्मू काश्मीर के दौरे के दौरान उन्हें सांत्वना प्रदान की।

मेरी सरकार से गुजारिश है कि इनकी तकलीफों को समझें एवं इन्हें नागरिकता प्रदान करें तथा आज तक इन्होंने जो परेशानी सहन की है, उसे ध्यान में रखते हुए उचित मुआवजा दिया जाये।